# औचित्य प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि, धुरली जल प्रदाय योजना अंतर्गत पाइप लाईन शंखनी– डकनी नदी पर दंतेशवरी मंदिर के निकट निर्मित इंटकवेल से कतियाररास होते हुए राष्ट्रीय राज्यमार्ग क्र 5 के समानांतर गामावाड़ा तक एवं उसके बाद भांसी होते हुए मोखपाल तक बिछाया जाना है ।

इस हेतु वन क्षत्र 0.679 हे0 धुरली परियोजना से प्रभावित हो रहा है, उक्त क्षेत्र लौह अयस्क परियोजना के कारण वर्तमान में लाल/आयरन युक्त जल की आपूर्ति से प्रभावित है। अतः धुरली समूह जल प्रदाय योजना के निर्माण से उस क्षेत्र में निरंतर गुणवत्ता पूर्ण जल की आपूर्ति की जावेगी

सहायक अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परियोजना
उप खण्ड क.4, जगदलपुर (छ.ग.)

# धुरली समूह जल प्रदाय योजना

## पेयजल पाईप लाईन बिछाने हेतु प्रस्तावित विकल्प

धुरली समुह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत् "लाल पानी की समस्या से ग्रस्त" विकास खण्ड दन्तेवाड़ा, कुआकोंडा, कटेकल्याण के प्रभाति 17 नग ग्रामों के पेयजल समस्या निराकरण हेतु प्रस्तावित एवं स्तीकृत है। योजना से लाभान्वित होने वाले ग्राम इस प्रकार है :– (1) गामावाड़ा (2) धुरली (3) भॉसी (4) पोरोकमेली (5) बडेकमेली (6) दुगेली (7) खुटेपाल (8) श्यामगीरी (9) नकुलनार (10) कुआकोंड़ा (11) मैलावाड़ा (12) हल्बारास (13) मोखपाल (14) हितावर (15) गोगपाल (16) मसेनार (17) गंजेनार

योजना के अंतर्गत् लाभान्वित ग्रामों के लिये चयनित जल स्त्रोत (शंखनी नदी किनारे इंटेकवेल) से पेयजल टंकी के निर्धारित स्थल तक सर्वेक्षण के उपरांत तकनिकी मापदण्डानुसार अल्पतम् दूरी एवं योजना की लागत को दृष्टीगत् रखते हुये पेयजल आपूर्ति पाईप लाईन बिछाने के ले – आउट का निर्धारण किया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त ले – आउट में कमसे कम एवं आवश्यकतानुसार वन भूमि का समावेश है। डी.जी.पी. एस. सर्वे रिपोर्ट के आधार पर वन भूमि क्षेत्रफल 0.679 हेक्टेयर मात्र आवश्यक है।

उपरोक्त तकनिकी ले – आउट ही प्रस्तावित पाईप लाईन बिछाने का उपयुक्त, सुसंगत तथा स्वीकृत विकल्प है।

प्रस्तावित भूमिगत् पेयजल पाईप लाईन पूर्व से मौजूद दंतेवाड़ा से बचेली रोड़ SH No. 5 के Along Row में ली गई है । अन्य किसी भी स्थान से तकनिकी रूप से पाईप लाईन को ले जाना ज्यादा मुश्किल है, तथा वैसी स्थिति में वन भूमि भी अधिक प्रभावित होगी । यह जो SH 5 रोड़ है, इसके समांतर आस पास कोई दूसरा मार्ग नहीं है ; जिसमें Row में पाइप लाईन स्थापित की जा सके ।

अतः अन्य विकल्प दिया जाना संभव नहीं है। प्रस्तावित विक्लप Row में होने के कारण मान्य करने का अनुरोध है !

सहायक अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी परियोजना
उप खण्ड क.4, जगदलपुर (छ.ग.)